तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 जिले के सभी गांवों में 26 जनवरी को आयोजित होगा उल्लास मेला





12 जान जोखिम में डालकर ग्रामीण और बच्चे रेलवे क्रासिंग को करते है पार




# डिप्टी सीएम व वन मंत्री ने किया संवाद, नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को मिला नियुक्ति पत्र

**पहुंचविहीन ग्रामों में राशन पहुंचाकर बांटा जाएगा, नारायणपुर में नियद नेल्लानार क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार को नारायणपुर जिला पंचायत के सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित नियद नेल्लनार योजनांतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री ने नियद नेल्लनार योजना क्षेत्र के सरपंचों से सीधा संवाद कर गांव के विकास संबंधित जानकारी ली और इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, जॉब कार्ड, पेंशन योजना आदि की उपलब्धता के संबंध में पंचायत प्रतिनिधियों एवं सरपंचों से जानकारी ली और सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचाये जाने हेतु अपील की। उन्होंने जिले में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए शर्मा ने प्रगतिरत आवासों को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आव्हान करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास एवं शांति के लिए आगे आकर कार्य करें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर उसके निराकरण के लिए प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय पर निराकरण किया जा सके। उन्होंने जिस भी गांव के व्यक्ति नक्सल संगठनों से जुड़े थे उन्हें पुनर्वास कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जंगलों के संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए समूह बनाकर इसकी सुरक्षा करने को कहा।

उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली उपलब्ध कराने निर्देशित किया। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 12 पर





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष रूप साय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगरपालिका के अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, छोटेडोंगर सरपंच संध्या पवार, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और ग्राम पंचायतों के सरपंच, आईजी सुन्दरराज पी., पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संचालक अश्विनी देवांगन, कलेक्टर नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बिरेन्द्र बहादुर पंचभाई सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पर्व में प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज में ध्वजारोहण किया जायेगा। चेम्बर ने व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का अनुरोध किया है। महामंत्री नवरतन जलोटा ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि प्रातः 8:30 बजे चेम्बर सभागार में ध्वजारोहण किया जायेगा।

### महिलाओं ने किया भजन अंताक्षरी



**जगदलपुर।** संतोषी वार्ड स्थित रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में रजत जयंती महोत्सव माघ मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को महिलाओं ने भजन अंताक्षरी की। इससे पूर्व माघ सुदी पंचमी (बसंत पंचमी) के दिन ही बाबा रामदेव की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में हुई। इसलिए इस दिन को विशेष बनाने हम सभी एक साथ महाआरती किया, इसमें ड्रेस कोड में पुरुषों के लिए पिला कुर्ता और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रखा गया था। गाय का बच्चा को जीवित कर सुमित्रा को परचा दिए। श्री बाबा रामदेव जी की भाभी सुमित्रा को बाबा रामदेव जी ने गाय का बछड़ा जीवित कर पर्चा दिए। रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत बुधवार से तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ किया गया जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। यज्ञ के पहले दिन 35 जोड़े सम्मिलित हुए थे। महायज्ञ के मंडप में स्थापित हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अग्निदेव का आह्वान किया गया। साथ ही 108 देवी देवताओं की पूजा की गई। महायज्ञ की पूजा कराने काशी से पूजारी आए थे। कन्हैया सिंह राजपुरोहित ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बजे से महाविष्णु यज्ञ आरंभ हुआ जो 11 पंडितों ने कार्यक्रम संपन्न कराया।

### सूखे पेड़ से हादसे की आंशका बढ़ी



**जगदलपुर।** बालाजी वार्ड में वन संरक्षक वन्य प्राणी के परिसर में एक सूखा पेड़ आने जाने वालों के लिए खतरा बना हुआ है। मुख्य मार्ग के किनारे कार्यालय के परिसर में पेड़ कभी भी गिरने की स्थिति में है। मुख्य मार्ग में हमेशा आवाजाही रहती है। इस मार्ग पर स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में गुजरते है। ऐसे में सूख चूके पेड़ को काट देना जनहित के लिए सही लोग बता रहे हैं। कभी भी सड़क में पेड़ के गिरने से आने जाने वालों को नुकसान हो सकता है। वार्ड के लोगों ने पार्षद और वन विभाग के अधिकारी से पेड़ को जल्द काटने की उम्मीद में हैं।

### एनएच 30 स्थित कुदालगांव फिटनेस सेंटर के सामने हुआ हादसा

# हाईवे पर खड़ी टिप्पर से टकराई कार के उड़े परखच्चे, चालक की जान बची

**घाटलोहंगा/जगदलपुर।** एनएच 30 स्थित कुदालगांव फिटनेस सेंटर के सामने शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी टिप्पर में जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के दौरान कार चालक सीट बेल्ट लगाया हुआ था जिसके चलते उसकी जान बच गई।

- **सीट बेल्ट लगा होने से कार चालक की बच गई जान**

जानकारी के मुताबिक घटना सुबह लगभग 11 बजे की है जब जगदलपुर से बस्तर की ओर आ रही तेज रफ्तार से आ रही कार क्रमांक सीजी 17 केयू 3771 सड़क किनारे खड़ी टिप्पर क्रमांक सीजी 18 आर 1070 के पीछे जा घुसी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए कार में केवल चालक ही था। हादसे के दौरान सीट बेल्ट लगा होने से कार चालक सुकालुराम बघेल निवासी सोनारपाल को खरोंच तक नहीं आई लेकिन कार के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

बताया जा रहा है कि कार चालक सुकालुरामअपने किसी रिश्तेदार को जगदलपुर छोड़ने गया हुआ था। रिश्तेदार को छोड़ने के बाद जैसे ही वह वापस सोनारपाल के लिए रवाना हुआ लेकिन घाटलोहगा के पास पहुंचा तभी पीछे से एक वाहन ओवरटेक करते हुए निकला जिससे कार से चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार सड़क किनारे खड़े टिप्पर के पिछले हिस्से में घुस गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क पर तीन बार घूम गई और बीच सड़क पर आकर खड़ी हो गई। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर बिखर गए।

हादसे की सूचना मिलते ही बस्तर पुलिस और यातायात अमला तुरंत मौके पर पहुंच गई। उन्होंने सबसे पहले कार चालक को रेस्क्यू किया फिर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क के किनारे से हटाया गया जिसके बाद हाईवे में आवागमन शुरू किया जा सका।



### टक्कर होते ही सड़क पर फैला डीजल

दुर्घटना के कारण सड़क पर टिप्पर से डीजल फैल गया था। डीजल से किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाने के लिए यातायात टीम ने सड़क पर फैले डीजल पर रेत डालकर उसे फैलने से रोकने का काम शुरू कर दिया ताकि मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को कोई नुकसान न हो। ट्रेफिक डीएसपी सतोंष जैन ने आमजनों से भी मार्ग पर सावधानीपूर्वक बिना ओवरटेक करते हुए रफ्तार पर नियत्रंण रखने की अपील की है ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

### आए दिन दुर्घटना होते रहती हैं

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों के मुताबिक फिटनेस सेंटर से जुड़े लोग तथा एजेंट लंबे समय से चौक और उसके आसपास गाड़ियां खड़ी करते हैं जिससे आए दिन दुर्घटना होते रहता हैं। दुर्घटनाओं को देखते हुए लोगों द्वारा फिटनेस सेंटर वालों को कई बार समझाइश भी दी जा चुकी है। बावजूद फिटनेस के लिए वाहनों को सड़क पर ही खड़ा किया जाता है जिससे दुर्घटनाएं बढ़ी है। जनपद पंचायत बस्तर के क्षेत्र क्रमांक 24 के जनपद सदस्य गजेन्द्र सिंह ठाकुर व ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फिटनेस कराने आने वाले वाहनों को फिटनेस सेंटर के परिसर के अंदर खड़ा किया जाए ताकि सड़क पर अवरोध न हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। इसकी अनदेखी करने पर उनके खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की गई है।

# कांग्रेस ने निकाली 12 किमी लंबी मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर ब्लॉक कांग्रेस ने बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर एवं पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पदयात्रा 12 किलोमीटर की। इस अवसर पर कां ग्रे स पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने चिलकुटी, बड़े मुरमा, बड़े बोदल, बड़े कवाली, छोटे कवाली होते हुए पदयात्रा का समापन नानगुर के साप्ताहिक बाजार में किया।

- **बाजार स्थल पर केंद्र सरकार को कोसते हुए गरीबों का नुकसान बताया**

मौर्य ने कहा मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक सुरक्षा की रीढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट कटौती और भुगतान में देरी के जरिए इस योजना को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा को कमजोर करने और धीरे-धीरे बंद करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिससे गरीब और ग्रामीण परिवारों पर सीधा असर पड़ रहा है। जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल ने कहा केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर करने तथा मजदूरों को उनकी आजीविका से वंचित करने की कोशिश करने का कार्य कर रही है। जैन ने कहा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस लगातार विरोध दर्ज कर मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों ▶▶| शेष पेज 12 पर

### ये रहे उपस्थित

पदयात्रा में नीलूराम बघेल, हेमू उपाध्याय, गणेश सेठिया, युकां अध्यक्ष निकेत राज झा, असीम सुता, राजेश कश्यप, हरिहर सेठिया, लोकेश सेठिया, शंकर नाग, सोनधर, जगन्नाथ, प्रदीप सेठिया, मनीराम, चमनलाल देहारी, शिवलाल नाग, अर्जुन, लच्छीमधर नाग, विनोद बिसाई, सुभाष गावड़े, रामा, सुखराम मौजूद रहे।

## आकाश छिकारा ने कलेक्टर का पदभार संभाला

**जगदलपुर।** युवा आईएएस आकाश छिकारा ने शुक्रवार को बस्तर कलेक्टर का पदभार संभाल लिया।

हरियाणा निवासी इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद कॉर्पोरेट सेक्टर में नौकरी की, लेकिन वहां मन को संतुष्टि नहीं मिली। जो यूपीएससी की कठिन राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

2016 में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्होंने प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ कैडर मिलने के बाद सहायक कलेक्टर से लेकर जिला कलेक्टर तक की यात्रा में उन्होंने विभिन्न जिलों में काम किया। सरगुजा, मनेंद्रगढ़, सूरजपुर, महासमुंद, दंतेवाड़ा, गरियाबंद और जांजगीर-चांपा जैसे जिलों में पदस्थापना के दौरान उन्होंने विकास को नवाचार से जोड़ा। स्वास्थ्य,शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और पर्यटन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों ने उनकी कार्यशैली को अलग पहचान दिलाई है। अब इन्हीं अनुभवों के साथ वे बस्तर जैसे चुनौतीपूर्ण लेकिन संभावनाओं से भरे जिले की जिम्मेदारी संभालेंगे।



मनेंद्रगढ़ में भुइयां ऐप, सूरजपुर में गढ़ कलेवा, महासमुंद में इको-टूरिज्म की शुरुआत, दंतेवाड़ा को मनरेगा में शीर्ष स्थान दिलाना, रायपुर में रीपा के लकौली और कुसरंगी मॉडल लॉन्च करना जैसे कई नवाचार उनकी उपलब्धि में दर्ज हैं।

## गृह निर्माण मंडल के 300 हितग्राहियों पर जलकर 30.47 लाख रुपए बकाया

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के गृह निर्माण मंडल चोकावाड़ा, पंडरीपानी एवं हाटकचोरा के लगभग 300 हितग्राहियों पर 30 लाख 47 हजार 622 रूपए जलकर बकाया है। इसके लिए मंडल ने 31 मार्च तक एक मुश्त बकाया का भुगतान करने पर सरजार्च में छूट दिया गया है।

इस संबंध में गृह निर्माण मंडल जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता एमके सोम ने बताया कि गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित संपत्तियों के बकाया जल प्रदाय की संपूर्ण राशि एकमुश्त जमा करने पर भारित विलंब अवधि की सरचार्ज राशि में 50 प्रतिशत की छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा, जिससे जलकर के मद में अवरूद्ध बकाया राशि मंडल को प्राप्त हो सके तथा गत कई वर्षों से लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके। बकाया जल प्रदाय की संपूर्ण राशि एकमुश्त जमा करने पर भारित विलंब अवधि की सरचार्ज राशि में छूट प्रदान करने की अवधि आदेश जारी 31 मार्च तक प्रभावशील होगी। मंडल के ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बसंत पंचमी पर मां सरस्वती के मंत्रों का छात्रा ने जाप करके की आराधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में आज बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंच पर माता सरस्वती के आसन पर कलश पूजन, भगवान गणेश पूजन और माता सरस्वती की आराधना करते हुए पूजा पाठ किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर सरस्वती वंदना, मां सरस्वती के 108 नाम का पुण्य स्मरण किया।

कक्षा नवमी के अनिकेत तिवारी ने कबीर के दोहे का सस्वर वाचन किया। कु. रिद्धि साहू ने मां सरस्वती की कविता प्रस्तुत की। कक्षा ग्यारहवीं की कु. तान्या ने भरतनाट्यम का सुंदर नृत्य शारदे मां पर प्रस्तुत किया।

व्याख्याता चंद्र प्रकाश देवांगन ने मां सरस्वती की प्राकट्य दिवस तथा सरस्वती के अर्थ को समझाते हुए कहा कि सरस का अर्थ प्रवाह पूर्ण या निरंतर बहते रहना है। चाहे वह शिक्षा हो चाहे संगीत इस तरह वती अर्थ है धारण करना। माता सरस्वती का ज्ञान और संगीत रूपी सरल प्रवाह को जीवन में धारण करना चाहिए। मां सरस्वती की आराधना से अज्ञानता के अंधकार मिट जाते हैं। व्यक्तित्व सरल और व्यवहार कुशल ▶▶| शेष पेज 12 पर

### यज्ञशाला निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

# ओंकारेश्वर मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 3 से 7 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मैत्री संघ मार्ग स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। शुक्रवार को यज्ञशाला निर्माण एवं आमंत्रण कार्ड वितरण के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन संपन्न हुआ। पूजा-अर्चना कर यज्ञशाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

आगामी 3 से 7 फरवरी तक पांच दिनों तक चलने वाले आयोजन में नगर के वार्डों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है मंदिर समिति एवं वार्ड वासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

3 फरवरी को दोपहर 3 बजे कलश यात्रा के साथ शुरूआत होगी। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचेगी, जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगी।



4 फरवरी को मंडप प्रवेश एवं मंडल देवता स्थापना किया जाएगा। 5 फरवरी को देवता अधिवास, महा-स्नान, नगर परिक्रमा, रत्न गर्भ प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश प्रतिष्ठा संपन्न होंगे। मुख्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम 6 फरवरी को अभिजित मुहूर्त में दोपहर 12:15 बजे से 1:56 बजे के मध्य संपन्न कराया जाएगा। इसी दिन देवता गर्भ प्रवेश का अनुष्ठान भी किया जाएगा।

मंदिर में ओंकारेश्वर महादेव, भगवान गणेश, मां दुर्गा, राम दरबार, भगवान हनुमान, माता संतोषी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। महोत्सव का समापन 7 फरवरी को दोपहर 1 बजे से महा-प्रसाद भंडारे के साथ होगा। यह मंदिर 100 साल पुराना है। जिसका जीर्णोद्धार कर इसे नया स्वरूप दिया गया है।

इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि ओंकारेश्वर मंदिर में होने वाला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह वार्ड की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को भी सुदृढ़ करेगा। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से पारंपरिक वस्त्र धारण कर इस पावन अवसर में सहभागी बनने की अपील की है।

मंदिर प्रतिष्ठा हेतु यज्ञ शाला निमार्णार्थ भूमिपूजन में संजय पाण्डे, आचार्य रामराज त्रिपाठी , राजेश महावर, रंगा आचार्य, सुकुमार धर, अभय राय, अर्जुन मिश्रा, शांति महावर, रेखा पाण्डेय, सुब्रा दास, किरण सोनी, रजनी पाठक, आभ्या शुक्ला, मंजु शुक्ला, अरुणा आचार्य, संध्या महावर, रंजना पाण्डे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीण गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के ईलमिड़ी थाना क्षेत्र के लंकापल्ली जंगल में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने प्रेशर आईईडी प्लांट किया गया था तभी उसमें ग्रामीण का पैर पड़ गया और जोरदार धमाके में उसका पैर की एड़ी टूटकर अलग हो गई। घटना गुरूवार दोपहर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है जब युवक राजू मोडियामी 30 वर्ष जंगल की ओर गया हुआ था इसी दौरान उसका पैर नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए प्रेशर आईईडी में पड़ गया और जोरदार धमाका हुआ। यह विस्फोट इतना जबरदस्त था कि उनके दाहिने पैर की एड़ी पूरी तरह टूट गई। इसके बावजूद गंभीर रूप से घायल राजू मोडियामी टूटे पैर के सहारे 7 किलोमीटर लंगड़ाते चलते हुए जंगल से बाहर निकला और किसी तरह लंगड़ाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईलमिड़ी पहुंचा जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बीजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। हालांकि इस घटना की पुलिस की ओर से अधिकारिक जानकारी नहीं मिली है लेकिन बताया जा रहा है कि आईईडी विस्फोट में घायल ग्रामीण राजू की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

- **हादसे में दाएं पैर की एड़ी उड़ी, 7 किमी लड़खड़ाते हुए पहुंचा गांव**

## खबर संक्षेप

### चलित थाना लगाकर पुलिस ने किया ग्रामीणों को जागरूक



**धनोरा।** थाना ईरागांव पुलिस ने एसपी पंकज चंद्रा के निर्देशन एवं एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल व एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन पर ग्राम कोरगांव थाना ईरागांव में चलित थाना लगाकर उपस्थित ग्रामीणों को साईबर फ्रॉड एवं इससे बचाव, यातायात जागरूकता, तीन सवारी वाहन नहीं चलाने, हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा गांव में किसी भी तरह के घटना होने पर थाना में सूचना देने हिदायत दिया गया तथा खेलकूद का सामान वितरण किया गया।

### मिट्टी से मानक तक बीआईएस गवर्निंग काउंसिल में शामिल हुए डॉ. राजाराम त्रिपाठी

**कोण्डागांव।** भारत सरकार ने प्रख्यात जैविक कृषक और किसान नेता डॉ. राजाराम त्रिपाठी को भारतीय मानक ब्यूरो की सर्वोच्च शासी परिषद



गवर्निंग काउंसिल का सदस्य नामित किया है। यह नियुक्ति भारत की मानक निर्धारण प्रक्रिया में किसानों की सीधी भागीदारी का प्रतीक मानी जा रही है। यह नियुक्ति भारत सरकार द्वारा असाधारण राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार जैविक खेती और ग्रामीण नवाचार को नीति निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान दे रही है। डॉ. त्रिपाठी पहले से ही आयुष मंत्रलय के अंतर्गत नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड के सदस्य हैं, जहां वे औषधीय पौधों के संरक्षण, गुणवत्ता मानकीकरण और किसानों की आय वृद्धि से जुड़े राष्ट्रीय निर्णयों में भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. त्रिपाठी ने वर्षों तक बस्तर के आदिवासी अंचलों में कार्य कर जैविक खेती, औषधीय पौध उत्पादन, वन आधारित आजीविका औ स्व–सहायता समूहों के माध्यम से हजारों परिवारों को स्थायी रोजगार से जोड़ा है। जैविक खेती के राष्ट्रीय अग्रदूत उनके द्वारा विकसित वृक्ष आधारित प्राकृतिक ग्रीनहाउस, कम लागत कृषि ढांचे और हर्बल खेती मॉडल देश के कई राज्यों में किसानों द्वारा अपनाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ आय वृद्धि संभव हुई है।

# सुजल ग्राम संवाद के तृतीय चरण में ग्रापं साल्हेभाट ने किया छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रलय, भारत सरकार द्वारा आयोजित सुजल ग्राम संवाद के तृतीय चरण में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत साल्हेभाट ने प्रतिनिधित्व किया।

वीसी के माध्यम से आयोजित इस राष्ट्रीय संवाद में छत्तीसगढ़ सहित अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव तथा लक्षद्वीप के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

**पेयजल व्यवस्था और मिशन की उपलब्धियों पर चर्चा :** कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन संचालक द्वारा ग्राम पंचायत साल्हेभाट के प्रतिनिधियों से गांव में पेयजल की उपलब्धता, जल जीवन मिशन से ग्रामीणों के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर चर्चा की गई। साथ ही जल वहिनियों द्वारा एफटीके किट के माध्यम से जल परीक्षण एवं नमूना जांच की प्रक्रिया की जानकारी ली गई।

**शुल्क निर्धारण एवं संधारण व्यवस्था पर विचार–विमर्श :** संवाद के दौरान ग्रामवासियों द्वारा पेयजल के लिए मासिक शुल्क निर्धारण, योजना के संचालन एवं संधारण की व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से विचार–विमर्श किया गया और ग्राम स्तर पर अपनाए गए नवाचारों की सराहना की गई।

**कलेक्टर ने जिले की प्रगति से कराया अवगत :** इस अवसर पर जिला कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कोंडागांव जिले में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी दी तथा जल सेवा आकलन एवं जल अर्पण दिवस को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

#### जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय मंच पर कोंडागांव की भागीदारी

**अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति**

बैठक में कोंडागांव जिले की ओर से कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र पाण्डेय, दो सहायक अभियंता, जिला समन्वयक महादेव यदु व मिथिलेश साहू, उप–अभियंता श्री टोप्पो, कुमारी निभा काराम, ग्राम पंचायत साल्हेभाट की सरपंच अंजू नेताम, सचिव जवाहर नरेटी, उत्तम सलाम, तुलेश नेताम सहित 20 अन्य ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




**जल स्रोत संरक्षण की कार्ययोजना प्रस्तुत :** कार्यक्रम के अंत में जेरेनाध्ग्रामग द्वारा पेयजल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तैयार कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। वहीं मिशन संचालक जल जीवन मिशन, छत्तीसगढ़ शासन जितेन्द्र शुक्ला ने राज्य स्तर पर योजना की प्रगति से अवगत कराया।

### 15 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों को बनाया जा रहा सशक्त

# जिले के सभी गांवों में 26 जनवरी को आयोजित होगा उल्लास मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारत सरकार द्वारा प्रारंभ उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा।

- गणतंत्र दिवस पर नव साक्षरों के लिए विशेष पहल

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान के साथ–साथ जीवन कौशल से जुड़ी जानकारी प्रदान की जा रही है।





**राज्य में अब तक 10 लाख से अधिक नव साक्षर**

राज्य में उल्लास कार्यक्रम वर्ष 2023 से संचालित है, जिसके तहत अब तक लगभग 10 लाख शिक्षार्थी साक्षर हो चुके हैं। इन नव साक्षरों को एन.आई.ओ.एस. के माध्यम से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए हैं। उल्लास कार्यक्रम विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**हर गांव में लगेगा ज्ञान और कौशल का मेला**

शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम स्तर पर उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें पढ़ना–लिखना, व्यावहारिक शिक्षा, जीवन कौशल, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता एवं अंक ज्ञान से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों का संचालन नव साक्षर, स्वयंसेवक एवं शिक्षार्थियों द्वारा किया जाएगा।

**नव साक्षरों को मिलेगा अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच**

उल्लास मेला के माध्यम से नव साक्षरों को अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकेंगे। साथ ही भाषा में मात्रओं की बारीकियां और गणित की छूटी हुई अवधारणाओं को पुनः सीखने का अवसर भी मिलेगा।

**कलेक्टर के मार्गदर्शन में की जा रही व्यापक तैयारियां**

कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के नेतृत्व में उल्लास मेला आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उल्लास कार्यक्रम की शपथ दिलाते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए हैं।

**ध्वजारोहण के बाद ग्राम स्तर पर होगा आयोजन**

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के परियोजना अधिकारी डी.एस. पोटाई ने बताया कि उल्लास मेला का आयोजन 26 जनवरी को ध्वजारोहण के पश्चात ग्राम स्तर पर किया जाएगा। मेले की शुरुआत उल्लास शपथ के साथ होगी, जिसमें नव साक्षर, स्वयंसेवक एवं ग्राम प्रभारी सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

### नेताजी सुभाषचंद बोस की जयंती पर बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने नेताजी जयंती पर प्रभात फेरी का आयोजन किया। प्रभात फेरी में नगर के प्रबुद्ध जनों, मातृशक्ति, विभिन्न स्कूलों के बच्चे, समाज के मुखिया, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिल्पी परिवार शामिल थे। सुबह 7:30 बजे शहीद पार्क चौक से प्रभात फेरी निकलकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नेताजी की मूर्ति के समक्ष वापस लौटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप, अध्यक्षता सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बलिराम बघेल जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. मनोज पाणिग्रही पतंजलि योग समिति तथा कोलकाता से आए विराज मिस्त्री, पार्षद हरीश पारख एवं मुख्य वक्ता शेखर स्वरूप मंच पर उपस्थित थे। नेताजी की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलन किया गया। अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत शिल्पी परिवार की ओर से किया गया। स्वागत भाषण संस्था संस्थापक सदस्य सुबीर नंदी ने दिया। मुख्य वक्ता ने नेताजी के बारे में जानकारी दी। सांसद ने शिल्पी की प्रशंसा करते हर प्रकार का सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में देश भक्ति गीत श्वेता विश्वास, प्रतिमा राय चौधरी एवं सुनील भगत ने प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण में प्रथम स्थान कालीबाड़ी विद्यालय को प्राप्त हुआ द्वितीय गुरु नानक विद्यालय, तृतीय विवेकानंद स्कूल एवं शासकीय क्रमांक 2 को प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार बस्तर हाई स्कूल, बाल विहार एवं भाभा आईटीआई को मिला। कार्यक्रम में सुधीर मंडल, जतिन राय चौधरी, हरि माधव दास, दिशांत चक्रवर्ती, मिंटू कर , असीम गायन, दुलाल घोष, जय गोपाल सरकार, शांतनु नाग, मीनल मलिक, अनूप बागची, निवेदिता राय चौधरी, इंद्राणी नंदी, शेफाली सरकार, सोमा मंडल, बंसी भगत तिवारी संग्राम सिंह राणा उपस्थित थे ।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से त्रिवेणी देवांगन को बिजली बिल से मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक और स्थायी बदलाव ला रही है। यह योजना बढ़ते बिजली खर्च से राहत देने के साथ–साथ स्वच्छ, सस्ती एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभा रही है।

- सौर ऊर्जा से आम नागरिकों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हरित एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा विजन के अनुरूप यह योजना तेजी से प्रभावी हो रही है। कोंडागांव जिला इस योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अग्रणी बनकर उभर रहा है।

**गांधी वार्ड की त्रिवेणी देवांगन बनी योजना की मिसाल :** कोण्डागांव नगर के गांधी वार्ड निवासी श्रीमती त्रिवेणी देवांगन एवं उनका परिवार इस योजना के लाभ का जीवंत उदाहरण हैं। त्रिवेणी देवांगन के पति ज्ञानेश देवांगन को



प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी विद्युत विभाग के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने विकास नगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया, जहां अधिकारियों द्वारा रूफ टॉप सोलर प्लांट की प्रक्रिया, विभिन्न किलोवाट क्षमता, सब्सिडी व्यवस्था एवं ग्रिड कनेक्शन की जानकारी सरल शब्दों में दी गई।

**3 किलोवाट सोलर प्लांट का किया चयन :** सभी जानकारियां प्राप्त करने के बाद श्री देवांगन ने अपने घर के लिए 3 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का चयन किया। योजना के तहत दिसंबर 2025 में उनके घर की छत पर रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया। सोलर प्लांट लगने से पहले उनके घर की प्रतिदिन बिजली खपत लगभग 12 यूनिट थी, जिससे हर महीने करीब 3,000 रुपये तक का बिजली बिल आता था। रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित होने के बाद यह खर्च लगभग समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री श्री साय का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना एवं हर घर तक स्वच्छ ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना मजबूती प्रदान कर रही है।

**अतिरिक्त बिजली से हो रही अतिरिक्त आय**

श्री देवांगन ने बताया कि सोलर प्लांट से उत्पादित बिजली का पूरा उपयोग घर में नहीं हो पाता, इसलिए शेष बिजली ग्रिड के माध्यम से विद्युत विभाग को भेज दी जाती है, जिससे अतिरिक्त आय का लाभ भी मिल रहा है।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त 78,000 रुपये की सब्सिडी मात्र 15 दिनों के भीतर उनके खाते में प्राप्त हो गई, जबकि राज्य सरकार की सब्सिडी प्रक्रियाधीन है। त्वरित सहायता से योजना के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हुआ है।




### अनंतपुर में हेलमेट बैंक का हुआ शुभारंभ

**कोण्डागांव।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिंदगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहनें थीम पर हेलमेट बैंक की अभिनव पहल शुरू की गई है। इस पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायत में ही हेलमेट उपलब्ध रहेगा। यदि किसी व्यक्ति के पास हेलमेट नहीं है, तो वह ग्राम पंचायत से हेलमेट लेकर यात्र कर सकेगा और यात्र उपरांत उसे पुनः हेलमेट बैंक में जमा करेगा, ताकि अन्य लोग भी इसका उपयोग कर सकें। यह पहल ग्रामीणजनों में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने तथा हेलमेट उपयोग के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के तहत माकड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत अनंतपुर में गुरुवार को हेलमेट बैंक का औपचारिक शुभारंभ किया गया। हेलमेट बैंक से प्रति दिन 10 रुपये की दर पर जरूरतमंद व्यक्तियों को यात्र के लिए हेलमेट उपलब्ध कराया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष जुगबती पोयाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

- जिंदगी का सफर सुरक्षित रखें, हेलमेट जरूर पहनें' थीम पर पहल

**जनप्रतिनिधियों की रही सहभागिता :** कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष बैसाखु राम कोर्राम, ग्राम पंचायत अनंतपुर के सरपंच विक्रम मंडावी, उपसरपंच सनत राम यादव, जनपद सदस्य नीलिमा प्रभाकर, सियाबती मंडावी, ग्राम सभा अध्यक्ष प्रफुल्ल प्रभाकर, एवं पंचगण उपस्थित रहे।

**ग्रामीणों में सराही गई पहल :** हेलमेट बैंक की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यात्र को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी, जिसे ग्रामीणजनों द्वारा सराहा गया।

## जान जोखिम में डालकर ग्रामीण और बच्चे रेलवे क्रासिंग को करते है पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट क्षेत्र के आमागुड़ा से बम्हनी मार्ग पर रेलवे क्रासिंग में आने जाने वालों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। दोनों ओर के रेलवे स्टेशन में ट्रेन के खड़े होने से क्रासिंग में डयूटी पर तैनात रेलवे कर्मी गेट बंद कर देते है। जब तक सिग्नल नहीं मिलता तब तक गेट नहीं खुलता ऐसे में 4 पहिया वाहन, टेक्टर, कार, ट्रक और जीप वगैरह खडे रहते है। लेकिन 2 पहिया वाहन और साईकिल सवार जान जोखिम में डालकर गेट के नीचे से गुजर कर आगे बढ़ जाते है। दिनभर में दर्जनों बार ऐसी स्थिति बनने से लोगों को इंतजार करना नागवार गुजरता है इसलिए वे जोखिम लेने को तैयार रहते है। खासकर बाईक में गुजरने वाले युवा और स्कूल आने जाने वाले सायकल सवार विद्यार्थी निकल जाते है। हालांकि उनकी नजरें पटरी पर रहती है जो आने वाली ट्रेन को देखते हुए हिम्मत जुटाते है। क्रासिंग में खडे लोगों ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि दिनभर में कईबार खडे रहना पड़ता है। लंबे समय से ओवरब्रिज की मांग की जा रही है लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब तो नगर नार में स्टील प्लांट बन गया है यहां लोहा से स्टील के सामान बनने भी लगे है जिससे

सरकार और रेलवे को आमदनी भी अधिक होने लगा है। इसलिए ओवरब्रिज पर खर्च होने वाली राशि पर कोई परेशानी नहीं है फिर भी अफसर और नेता चुप बैठे है। इसके लिए समाजसेवी लोग भी किसी तरह का कोई संघर्ष या आंदोलन नहीं कर रहे है।

### महत्वपूर्ण कानूनों एवं अधिनियमों की दी जा रही जानकारी

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 16 जनवरी से 30 जनवरी तक जिले में 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग जिला महिला सशक्तिकरण द्वारा संचालित किया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं हितों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों की जानकारी दी जा रही है।



**मिशन शक्ति की योजनाओं से कराया जा रहा परिचय :** महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं सेवाओं जैसे वन स्टॉप सेंटर, जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब), शक्ति सदन, सखी निवास आदि की जानकारी दी जा रही है। महिला उत्पीड़न ई–बॉक्स इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पोर्टल, आपातकालीन सेवाओं महिला हेल्पलाइन, चाइल्डलाइन तथा के उपयोग के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है।

**विभिन्न विभागों व संगठनों की रही सहभागिता :** कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला महिला सशक्तिकरण हब से रीना ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक माधुरी उसेण्डी, जेंडर विशेषज्ञ, छात्रवास एवं कन्या आश्रम अधीक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण महिलाएं, चाइल्डलाइन टीम, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर, लाइवलीहुड मास्टर ट्रेनर एवं समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

**जिला एवं विकासखंड स्तर पर हो रहे कार्यक्रम**

जागरूकता कार्यक्रम जिला एवं विकासखंड स्तर पर चिन्हांकित कन्या आवासीय आश्रम, छात्रवास, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, तथा ग्राम पंचायत बेलगांव, कोण्डागांव, बड़े कुरूसनार, केशकाल, बड़ेडोंगर, विकासखंड मुख्यालयों एवं पंचायतों में आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान गुड टच–बैड टच, पोषण आहार एवं पोषण पेटी, बाल संदर्भ योजना, महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्पीड़न, मोबाइल के दुष्परिणाम, सी–बॉक्स पोर्टल एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थितजनों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। अभियान के अंतर्गत गीत, कविता, भाषण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

## पेज 11 के शेष

### डिप्टी सीएम व वन मंत्री ने किया...

अबुझमाड़ क्षेत्र के पहुंचविहीन गांवों में राशन पहुंचाकर समय पर सभी ग्रामीणों को वितरण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम छात्रावास, पेयजल, मोबाईल टावर, कृषि आदि विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री के द्वारा नारायणपुर के नक्सल पीड़ति परिवारों के पांच सदस्यों को शासकीय सेवा के चतुर्थ श्रेणी पदों पर भर्ती हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने पुनर्वास किये 19 माओवादियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 9.50 लाख रुपए के चेक भी वितरित किये।

### कांग्रेस ने निकाली...

का विरोध कर रही है। आमजनों को सरकार की इस मजदूर विरोधी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों से आह्वान किया कि वे अपने हक के लिए संगठित रहें और लगातार आवाज उठाएं। कांग्रेस परिवार आपके साथ खड़ी है।

### गृह निर्माण मंडल के...

ईई ने बकायादारों की वसूली अभियान अप्रैल से शुरू किया जाएगा, जिसमें मंडल की टीम गठित कर बकायादारों के घर में पहुंचेंगे। भुगतान नहीं करने वाले हितग्राहियों के जल कनेक्शन काटने की प्रक्रिया की जाएगी।

**काटे जाएंगे बकायादारों के जल कनेक्शन :** गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि 31 मार्च तक बकाया नहीं होने पर बकायादारों का जल कनेक्शन काटा जाएगा, इसलिए बकायादार हितग्राही समय से पूर्व बकाया का भुगतान करें।

### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती...

हो जाता है। आज के दिन को बसंत पंचमी के रूप में वसंत उत्सव मनाते हैं। आज के दिन से प्रकृति में नई चेतना, नई ऊर्जा और नया उत्साह पैदा होता है। प्रकृति सुंदर रूप धारण करती है। हर्षोल्लास का वातावरण बन जाता है। सभी ने मां सरस्वती की आरती की। इस अवसर पर विद्यालय में आनंद मेला का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा नवमी से 12वीं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग व्यंजनों को खिलाकर आनंद का अनुभव किया। रोशनी शिंदे, नीतू शर्मा, किरण महापात्र, अंजू रावते, भारती नामदेव, योजना देवांगन, सुमन विश्वकर्मा अनामिका शर्मा, खिलेंदीबघेल, मनीषा पटेल, अभिराम पटेल, किरण चौहान, सतपाल शर्मा,अनिल शुक्ला, प्राचार्य विनीता बेंजामिन ने बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### सेजेस बड़ेचकवा में हुआ क्रीड़ा उत्सव



**बस्तर।** सेजेस बड़ेचकवा में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का उद्घाटन सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बृजेश प्रसाद ने कार्यक्रम का आयोजन किया। लगभग 475 बच्चे विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं, जिनमें दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो खो, मेढ़क दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़ आदि शामिल हैं। मार्च पास्ट की सलामी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य बृजेश प्रसाद और एसएमसी के सदस्यों ने ली। विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया गया। सेजेस बड़ेचकवा में पहली बार मार्च पास्ट की अगुवाई कर रहे तीनों हेड प्रभारी को सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने नकद राशि प्रदाय किया। इस अवसर पर ग्रामीणजन और पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग देखने को मिला।

### मतदाता दिवस मनाया जाएगा 25 को

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाना है। इस संबंध में 25 जनवरी सुबह 11 बजे शासकीय कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ लेने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

### शिविर में 40 से अधिक युवाओं ने लिया भाग



**दंतेवाड़ा।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूथ हब, बीपीओ भवन जावंगा गीदम में एक दिवसीय प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के 40 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट शिविर के दौरान डीओएसटी संस्था द्वारा तकनीकी सहायक पद के लिए युवाओं का प्रत्यक्ष साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की जांच की गई तथा उनके कौशल, अनुभव एवं कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया में कुल 13 युवाओं का चयन प्रस्तावित किया गया है। इस अवसर पर यूथ हब प्रबंधक ने बताया कि यूथ हब का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण, नौकरी एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

### अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में जगी उम्मीद

**बीजापुर।** उसूर ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम पंचायत कंचाला एवं पालागुड़ा में नव स्थापित सीआरपीएफ कैंप का कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने पहली बार दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने आश्रित ग्राम गुंडराजगुड़ा, पालागुड़ा एवं बोमेड़ का भी भ्रमण कर आंगनबाड़ी, स्कूल एवं सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम गुंडराजगुड़ा, पालागुड़ा एवं बोमेड़ में स्कूली बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर शिक्षा, सुविधाओं एवं उनकी आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। अधिकारियों ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी किया और भोजन की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# धूमधाम से मनाई गई नेताजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुकालु मुरमी , नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए। सरपंच मीना मांडवी एवं उपसरपंच तपन दास ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने संबोधन में नेताजी के देशप्रेम, त्याग और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत एवं बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कोड़ेनार पंचायत सचिव, शासकीय शिक्षक को एवं छोटे बच्चों सराहनीय योगदान रहा।

## बसंत पंचमी पर हुई रंगारंग कार्यक्रम



**बस्तर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मांझीपारा कावड़गांव में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत परीक्षा में उत्तीर्ण नव साक्षरों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सीएसी चंद्रशेखर स्वादु, सीएसी देवेंद्र सोनी, शिक्षक सचिव उर्मिला ठाकुर, शिक्षक राजेन्द्र पानीग्राही, अविनाश पानीग्राही, जगन्नाथ नाग, पुरुषोत्तम ध्रुव सहित संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा विद्यालय हेतु प्रोजेक्टर की मांग रखी गई, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को उल्लास नवभारत साक्षरता शपथ भी दिलाई गई, जिससे साक्षरता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

## बकावंड सद्भावना परिसर में कांग्रेस का आंदोलन

# अंत तक लड़ेंगे मनरेगा बचाओ संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/ भोण्ड



मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बस्तर विधानसभा क्षेत्र में आंदोलन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बकावंड ब्लॉक स्थित सद्भावना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों, मजदूरों एवं जनप्रतिनिधियों को मनरेगा से जुड़ी वास्तविक स्थिति और उसके अधिकारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

विधायक लखेश्वर बघेल ने स्पष्ट शब्दों

- **जनता के अधिकारों के लिए करेंगे आवाज बुलंद**

में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, मजदूरों और हाशिए पर खड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जिनकी आवाज सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंच पाती, कांग्रेस उनकी आवाज बनकर संघर्ष करती है। उन्होंने दो टूक कहा कि मनरेगा की बहाली तक कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी और यह लड़ाई अंत तक लड़ी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि विधायक ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों और मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है। इसके तहत ग्रामीण परिवारों को साल में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया था, जिससे उन्हें अपने गांव में ही सम्मानपूर्वक जीवन यापन का अवसर मिलता था लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा को कमजोर किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने रोजगार के इस अधिकार को छीन लिया है और अब काम देना या न देना सरकार की मर्जी पर छोड़ दिया गया है, जिससे करोड़ों ग्रामीण मजदूर बेरोजगारी और पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मनरेगा को न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में गरीबी उन्मूलन की सबसे प्रभावी योजनाओं में से एक माना गया है। इस योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी, गांवों में रोजगार सृजन किया और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया ऐसे में इस योजना को कमजोर करना सीधे-सीधे गरीब विरोधी सोच को दर्शाता है। बकावंड सद्भावना परिसर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे, संवेदनशील और प्रभावी शासन के लिए अब छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीदें सिर्फ कांग्रेस पार्टी से ही जुड़ी हैं । जनता देख रही है कि कौन उनके हक की बात कर रहा है और कौन उनके अधिकार छीन रहा है।

बघेल ने भविष्य को लेकर भरोसा दिलाते हुए कहा कि 2028-29 में छत्तीसगढ़ में बनने वाली कांग्रेस सरकार मनरेगा के लिए बजट में विशेष प्रावधान करेगी, ताकि ग्रामीण इलाकों के गरीब, मजदूर और पिछड़े वर्गों को पर्याप्त रोजगार मिल सके और उन्हें पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता हमेशा जनता का हित रही है और आगे भी रहेगी।

इस दौरान मौजूद रहे बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई, महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुखदई बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, जनपद सदस्य जगमोहन बघेल, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, लालेन्द्र बाकडे, मोना पाड़ी, हेमंत कश्यप, सुरेश कश्यप, दशमु सिरहा, इरेश भदरे, सुखराम, सम्पत बघेल, गणेश बघेल, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, जोगेश बघेल एवं कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी माता बहनें उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को पुष्पगुच्छ देकर सुरक्षा की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के बस स्टैंड सहित साप्ताहिक बाजार में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में थाना स्टाफ ने नेशनल हाईवे 30 पर बिना हेलमेट पहने बाइक सवारो को पुष्पगुछ देकर हेलमेट लगाने एवं कार चालकों को सीट बेल्ट पहनने की अपील किया। पुलिस विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बाइक सवार एवं बिना सीट बेल्ट बांधे वाहन सवार को नियम का पालन करने एवं अपने जान की हिफाजत करने की सलाह दी गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को विभिन्न माध्यमों से लगातार जागरूक किया जा रहा है। बाइक चालकों को हेलमेट की उपयोगिता बताते हुए हेलमेट लगवाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने, नाबालिकों को बाइक ना देने सहित लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान एस आई अरुण कुमार सिन्हा, एएसआई चतुरराम बघेल, प्रधानआरक्षक ढोलूराम बघेल, चोवादास गेंदले, आरक्षक विक्रम सेंगर, निरंजन वैध, महिला आरक्षक सरदई सेठिया मौजूद रहे।

## दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

यातायात पुलिस द्वारा 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को जयस्तंभ चौक के पास रोका गया और उन्हें यातायात शाखा परिसर में एकत्रित कर हेलमेट के उपयोग से होने वाले सुरक्षा लाभों की जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 80 दुपहिया वाहन चालकों को रोक कर समझाइश दी गई। इनमें से 65 चालकों ने अपने घर से हेलमेट लाकर पहना, जबकि 14 चालकों ने दुकान से नया हेलमेट खरीदकर नियमों का पालन किया।

सभी को हेलमेट पहनाकर उनके वाहन सौंपे गए। एक चालक द्वारा हेलमेट न पहनने पर 500 रुपये का चालान किया गया तथा भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की समझाइश दी गई। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें और हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं।

### मतदाता दिवस पर गगन शर्मा होंगे सम्मानित

**भोण्ड।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों का चयन किया गया है। इसी क्रम में बस्तर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गगन शर्मा का चयन ईआरओ पुरस्कार हेतु किया गया है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकार, छत्तीसगढ़ ने जारी आदेश के अनुसार यह सम्मान 25 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह निर्धारित सभागार में आयोजित होगा, जिसमें चयनित अधिकारियों को प्रातः 11 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव द्वारा जारी पत्र में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को चयनित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।



## कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




गीदम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कर्मा के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा की शुरुआत हुई। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की मनरेगा विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना और मनरेगा को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना है। यात्रा के दौरान अनिल कर्मा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान सरकार इसे कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को समाप्त करने की किसी भी कोशिश के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए और मनरेगा बचाओ अभियान को तेज करने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्मानंद विद्यालय में बसंत पंचमी मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोन्टा में आज प्रातः ग्यारह बजे बसंत पंचमी महोत्सव एवं पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर एसडीएम सुभाष शुक्ला, तहसीलदार गिरीश निंबलकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमीत ध्रुव बीईओ पी श्रीनिवास राव शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जी. साईं रेड्डी, समिति सदस्य अन्नपूर्णा दुबे, वरिष्ठ सेवा निवृत्त शिक्षक एम. सत्यनारायण, संस्था के प्राचार्य बीएल औरसा, प्रधान अध्यापक टी. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में पालक–अभिभावक एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक विषयों पर पालक–अभिभावकों के साथ विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई तथा राज्य छात्रवृत्ति, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी एवं अपार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पालकों को आवश्यक जानकारी दी गई।

### बस्तर पंडुम की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा।** जिले में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बस्तर पंडुम के सफल आयोजन को लेकर आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की समग्र तैयारियों का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निर्धारित स्थान, आगंतुकों की सुविधा, पार्किंग, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस्तर पंडुम जिले की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, कला और परंपराओं को प्रदर्शित करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है।

## हरियाणा में छत्तीसगढ़ के जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



हरियाणा में आयोजित सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक तथा बालक वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस गौरवशाली उपलब्धि में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा। बालिका वर्ग में बीजापुर जिले से अनुराधा, रितिका, अस्मिता, शिल्पी एवं त्रिवेणी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, वहीं बालक वर्ग में लक्ष्य, सूर्य एवं एबिल ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त, जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम्स के लिए भी बीजापुर जिले से 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो जिले के खेल इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इन सभी चयनित एवं पदक विजेता खिलाड़ियों ने आज जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा एवं खेल प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान करनेवार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### कलश यात्रा..

**भानपुरी।** देवांगन समाज के द्वारा मां परमेश्वरी जयंती पर ग्राम फरसागुड़ा भानपुरी में भव्य कलश यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग में निकाली गई। जिसमें देवांगन समाज के अध्यक्ष रामकुमार देवांगन, उपाध्यक्ष कौड़ी राम देवांगन, रतन देवांगन, विमल देवांगन, प्रशान्त देवांगन सहित समाज के लोग मौजूद थे।



**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

राजस्व प्रकरण क्रं./ ब-121/ 202601152300009/2025-26
ग्राम तारागांव प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा का मूलप्रति एवं आधारकार्ड, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। हाबिल पिता बंडरा का जन्म दिनांक 12/06/2007 उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 06/02/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा

## छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण की कक्षा 11वीं की छात्राओं को पीएमश्री योजना के अंतर्गत विज्ञान केन्द्र रायपुर तथा छत्तीसगढ़ जनजातीय संग्रहालय एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय नया रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक प्रयोगों, आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। वहीं जनजातीय संग्रहालय में छात्राओं ने जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन एवं ऐतिहासिक विरासत के विषय में जानकारी प्राप्त की। संग्रहालय परिसर में वीर स्वतंत्रता सेनानी हलवा जमीदार गैंदसिंह की अंग्रेजी शासन के विरुद्ध दिए गए बलिदान की 201वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त निदेशक डीपी नागेश एवं प्रशासनिक अधिकारी, वीर नारायण सिंह ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम नवा रायपुर तथा टीआरआई स्टाफ के साथ मिलकर छात्राओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस, त्याग एवं देशभक्ति को नमन किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### स्थानीय लोगों के हित के लिए संघर्ष रहेगा जारी : नवनीत




**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय एवं जिला नेतृत्व ने एनएमडीसी प्रबंधन को बस्तर से जुड़े विषयों में चूक को लेकर ज्ञापन दिया था। नवनीत चांद, संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी और दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमन मरकामी ने संयुक्त बयान में कहा कि टेलिंग डेम निर्माण में अनियमितताएं, लापरवाहियां सामने है। उन्होंने कहा महिला कार्यकतार्ओं को लाठियों से पीटा गया। सच के साथ लड़ने के बाद भी हमारे खिलाफ कार्रवाई हुई। परंतु जनता कांग्रेस और मुक्ति मोर्चा बस्तर के विकास एवं जंगल जमीन एवं यहां के लोगों के लिए सदैव लड़ता रहेगा।

### मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि एवं सफलता की कामना की



**जगदलपुर।** धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ की गई। इस अवसर पर पूजा अर्चना किया गया। जिसमें छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। सभी ने मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि एवं सफलता की कामना की। प्राचार्य एस के त्रिवेदी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। पूजा उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में शिक्षा एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### बस्तर पर्यटन को नई ऊंचाई देने की तैयारी

**जगदलपुर।** बस्तर की नैसर्गिक सुंदरता और यहाँ की अद्वितीय आदिवासी संस्कृति को अब वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक ठोस और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर हरिस एस द्वारा जिले में होमस्टे नीति 2025-30 को धरातल पर उतारने और इसे गति देने के उद्देश्य से सोमवार को एक आदेश जारी किया गया है, जिसका सीधा लाभ यहाँ के स्थानीय निवासियों को मिलने वाला है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा हाल ही में लागू की गई इस महत्त्वाकांक्षी नीति का मूल उद्देश्य केवल पर्यटन का विस्तार करना नहीं है, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इस नीति के जरिए स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और वे अपने घरों को पर्यटकों के लिए खोलकर अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम हो सकेंगे। इस पहल के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले पर्यटक छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव सीधे ग्रामीणों के बीच रहकर कर सकेंगे, जो कि एक यादगार अनुभव होगा।

# बालाजी मंदिर का रजत जयंती महोत्सव, सात दिनों तक रहेगी धर्म-संस्कृति की भव्य छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बालाजी मंदिर का रजत जयंती महोत्सव सोमवार 26 जनवरी से आरंभ होकर रविवार 1 फरवरी को विशाल महा भंडारे के साथ संपन्न होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में नित्य आराधना, विशेष पूजा विधान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक अनुष्ठानों की सघन श्रृंखला श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करेगी। बालाजी मंदिर 25वें वार्षिकोत्सव को लेकर टेम्पल कमेटी के वासुदेव राव, बी जयराम, सुब्बा राव ने सयुंक्त रूप से शुक्रवार को प्रेसवार्ता में दी।

बताया गया कि बस्तर जिला आंध्र समाज द्वारा वर्ष 1995 में लिए गए निर्णय के तहत निर्मित बालाजी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 2001 में संपन्न हुई थी और अब रजत जयंती वर्ष को ऐतिहासिक बनाने हेतु विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय पूजा विधान कराने वाले देश के विख्यात पुरोहित रेजेटी श्रीरामाचार्यलु द्वारा ही इस वर्ष समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। अंतिम दिन 1 फरवरी को भगवान बालाजी की महाआरती के पश्चात महा भंडारा, रात्रि में पूर्णाहुति और ध्वजारोहण के साथ रजत जयंती महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा। पत्रवार्ता में टी कुंडल राव, बी वासुदेवराव, बी वेंकट राव, भानोजी राव, बी जयराम, एम रवि भूषण राव, सप्तगिरि मद्दी, के आदिनारायण राव, श्रीनिवास राव और सुब्बाराव के नाम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## शोभायात्रा, स्वर्ण कलश अभिषेक और श्रीनिवास कल्याणम होंगे विशेष आकर्षण



### 26 जनवरी से महोत्सव की शुरूआत

26 जनवरी को नित्य आराधना के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा, वहीं ललिता परिवार की संस्थापक डॉ. अरुणा पेरी के सानिध्य में महिलाओं द्वारा ललिता कोटिनाम स्तोत्र पारायण संपन्न किया जाएगा,जो विश्व स्तर पर केवल नौवीं बार आयोजित होने जा रहा है। 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से भगवान बालाजी की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण पर निकलेगी, जिसमें आंध्रप्रदेश और तेलंगाना से आमंत्रित डांडिया दल,भगवान विष्णु के दशावतार, माता अष्टलक्ष्मी की सजीव झांकियां, विशाखापटनम से आ रहे कलाकारों की प्रस्तुति,भजन मंडलियां, कथक नर्तक और बस्तर के पारंपरिक नृत्य दल शोभायात्रा को अलौकिक स्वरूप देंगे। 28 जनवरी को प्रवचन एवं सम्मान कार्यक्रम,29 जनवरी को स्वर्ण कलश से विशेष अभिषेकम और संध्याकालीन श्रीनिवास कल्याणम, 30 जनवरी को कुमकुम पूजा तथा 31 जनवरी को सत्यनारायण कथा का आयोजन होगा।

## 26 हजार की खरीदी में 22 हजार खुले में पड़ा धान

# बाबू सेमरा सोसायटी में 21 किसानों का 800 क्विंटल धान का हुआ तौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सरकारी धान खरीदी के अंतिम दौर में किसान धान लेकर सोसायटियों में पहुंच रहे हैं। जिन किसानों ने धान अभी तक नहीं बेचा है अथवा ऐसे किसान जिनका धान बचा हुआ है वे सोसायटी से टोकन कटवाकर धान बेच रहे हैं। हरिभूमि ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जिला मुख्यालय के समीप के सोसायटी बाबू सेमरा का जायजा लिया। जहां बड़ी संख्या में किसान धान तौल करवाने में जुटे हुए हैं। लैम्पस प्रबंधक सम्पत सिंह ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि आज धान बेचने के लिए 21 किसानों का टोकन कटा है। जो लगभग 800 क्विंटल धान का तौल करवा रहे हैं। खरीदी के विषय में उन्होंने बताया कि अभी तक 26422 क्विंटल की कुल खरीदी में 22162 क्विंटल परिसर में पड़ा है। केवल 4260 क्विंटल धान का ही उठाव हुआ है। कुल 423 किसानों ने धान बेचा है। कुल 6 करोड़ 26 लाख की खरीदी में किसानों को 3 करोड़ 91 लाख का भुगतान किया गया है। वहीं धान खरीदी से पहले लैम्पस से नगद और खाद बीज लेने वाले किसानों से धान के एवज में 2 करोड़ 27 लाख का कर्ज वसूला गया है।

### इन किसानों ने आज बेचा धान

टोकन कटाने वाले 21 किसानों ने आज धान बेचा। इनमें मोसु नाग, शांति देवांगन, धर्नुजय, बुधरीबाई नाग, लच्छु नाग, लखीनाथ बघेल, भागीरथी बघेल, बामननाग, सहदेव नाग, धर्मदास कश्यप, रामसिंह नाग, तीरथराज श्रीवास्तव, मोंगरी भारती, संतोष कुमार साहू, सहदेव बघेल, पाकली कश्यप, मीना श्रीवास्तव, चमरूराम गोयल, समधुराम नाग, सुर्बना नागवंशी तथा चैतु ने धान बेचा।

### अवैध धान रोकने हो रही जांच

किसानों ने बताया कि जिनके टोकन कटे हैं उनके घर पटवारी और अन्य कर्मचारी पहुंच रहे हैं। उनसे धान का रकबा और फसल की पैदावार के बारे में पूछताछ हो रही है। टोकन में बताए गए मात्रा के विषय में पूछा जा रहा है ताकि खेत में पैदा किए गए फसल से ज्यादा धान न हो।

## गणित को जीवन-दर्शन से जोड़ना प्रशंसनीय प्रयास : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के शिक्षक एवं लेखक राहुल कुमार पांडेय ने अपनी पुस्तक जीवन का रहस्यमय समीकरण गणित से सीखे सफलता, संतुलन और प्रगति के सूत्र को जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल को भेंट किया।

- गणित से जीवन दर्शन तक पुस्तक भेंट

यह पुस्तक केवल गणितीय सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि गणित को जीवन से जोड़ते हुए सफलता, संतुलन, अनुशासन और निरंतर प्रगति के व्यावहारिक सूत्रों को सरल भाषा में प्रस्तुत करती है। पुस्तक में यह दशार्या गया है कि किस प्रकार गणितीय सोच व्यक्ति के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को दिशा दे सकती है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचारपूर्ण शैक्षिक साहित्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। गणित जैसे विषय को जीवन-दर्शन से जोड़ना एक प्रशंसनीय प्रयास है।

## बसंत पंचमी पर हुआ 100 बच्चों का विद्यारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार

सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार के प्रांगण में आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यारम्भ संस्कार तथा गायत्री परिवार के माध्यम से पांच कुंड का यज्ञ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगरनार सरपंच उमाकांतो बघेल, जनपद सदस्य देवकी कश्यप, पंच सुभादेई बघेल, उपसरपंच भानो नाग, पंच रूकमणी नाग और विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यम सिंह, शिक्षकगण हर्ष मिश्रा, रीता यादव, मालती बघेल, राधा दास, संतोषी बघेल, अंजली सेठिया, हेमलता बघेल, वृन्दावती कश्यप, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उर्मिला बेसरा, कविता बेसरा, मालती पटनायक, चन्द्रमा बघेल, मीना रमामनी नाग एवं पूर्णिमा, डोमनी रैला पुजारी, उपनपाल के समाज सेवक मोहनसिंह नाईक, चिंगडुराम, मधुसुधन, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष आरम्बों राव एवं अभिभावकगण, भैया, बहन मौजूद थे। जहां 100 बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार किया गया।

- गायत्री परिवार के सहयोग से पांच कुंड का यज्ञ हुआ



## सीजीटीए बस्तानार में दी गई शिक्षकों को नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन (सीजीटीए) जिला बस्तर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लुदरसन कश्यप ने जिले के विभिन्न ब्लॉक इकाइयों में मैराथन बैठकें आयोजित कर संगठन और सदस्यों को नई ऊर्जा प्रदान करना शुरू कर दिया है। संगठन की थीम "एक लक्ष्यः प्रथम नियुक्ति से पेंशन" को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष संजय शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी जिला और ब्लॉक स्तर पर रणनीति साझा कर रहे हैं।

- 'प्रथम नियुक्ति से पेंशन' लक्ष्य पर संगठन सशक्त बन रहा
- जिला-प्रांतीय नेताओं ने रणनीति और जिम्मेदारी पर दिया

गत दिनों बकावंड ब्लॉक की कार्यकारिणी के साथ रणनीति तय करने के बाद गुरूवार को बस्तानार ब्लॉक में प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी दिनों की रणनीति पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष लुदरसन कश्यप ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का इतिहास संघर्ष और सफलता का रहा है और सभी को एक मंच पर लाकर मुख्य मांग को अवश्य पूरा करेंगे। प्रांतीय संगठन मंत्री शिव सिंह चंदेल ने पेंशन और ग्रेज़विटी से संबंधित बारीकियों को विस्तार से समझाया और संगठन से जुड़कर जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

बैठक में बास्तानार ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत मंडावी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुईं। जिला कोषाध्यक्ष अमित पॉल,जिला संगठन सचिव तुलादास मानिकपुरी और जगदलपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने भी शिक्षकों में जोश और ऊर्जा का संचार किया। विकास खंड बास्तानार के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ऊँचे स्वर में अपनी सहमति जताई कि हम लड़ेंगे और अवश्य जीतेंगे।

### संगठन को मजबूत करने की अपील

सीजीटीए बस्तर ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे अपने-अपने ब्लॉक और संस्थानों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। संगठन का मानना है कि सभी स्थानों में संख्या बल दिखाने से ही हमारी मुख्य मांग "प्रथम नियुक्ति से पेंशन" की प्राप्ति संभव होगी। इस अवसर पर जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर शिक्षक समुदाय में ऊर्जा और नेतृत्व का संदेश दे रहे हैं।

## दलपत सागर में दीपोत्सव में साहू समाज की सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दलपत सागर में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले दीपोत्सव में साहू समाज ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए दीया, तेल, बाती एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभु श्रीराम लला मंदिर निर्माण की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा 1001 नग दीया, 1001 नग बाती एवं 15 लीटर तेल भेंट किया गया। इसके साथ ही दीपोत्सव आयोजन के लिए 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की है। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने अयोध्या में रामलला मंदिर निर्माण के संघर्ष और ऐतिहासिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं महापौर संजय पांडे ने उपस्थित जनसमूह के साथ दीप प्रज्वलन कर स्वच्छता की शपथ दिलाई और समाज की सहभागिता की सराहना की। कार्यक्रम में साहू समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग संघ ने भी दी सहभागिता

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने भी दलपत सागर दीपोत्सव में दीया, तेल,बाती सहित आर्थिक सहयोग प्रदान कर सहभागिता निभाई। संघ के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। दीपोत्सव के दिन तेल, दीया एवं बाती की व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं में पूरी टीम के साथ उपस्थित रहने की बात कही गई। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. तुलादास मानिकपुरी, जिला सचिव नीलमणी साहू एवं जिला कोषाध्यक्ष मनीष कुमार अहीर उपस्थित रहे।






## धान खरीदी में सरकारी नाकामी 29 को 'आप' का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आम आदमी पार्टी ने जारी बयान में प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने कहा कि सरकार ने धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन विभिन्न जिलों में खरीदी क्रमशः 17, 18 और 25 नवंबर से शुरू हुई। अब 29 जनवरी को खरीदी बंद करने की तैयारी है, जबकि सरकार ने 31 जनवरी तक खरीदी की बात कही थी। उन्होंने बताया कि किसानों को टोकन की संख्या उनकी फसल के अनुसार दी गई थी, लेकिन आज भी लाखों छोटे और मीडियम किसानों की पूरी फसल नहीं बिकी। धान खरीदी केंद्रों पर रोज़ाना सीमा निर्धारित करने और भौतिक सत्यापन के बहाने किसानों को परेशान किया जा रहा है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की लापरवाही के कारण लगभग 20 प्रतिशत किसान अब तक अपनी फसल बेचने में विफल रहे हैं। कर्जदार किसानों के लिए यह स्थिति गंभीर है और यदि किसी किसान की आत्महत्या होती है, तो जिम्मेदार राज्य सरकार होगी। आप ने घोषणा की है कि 29 जनवरी को बस्तर जिले में किसानों के समर्थन में जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही अगर धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई जाती है, तो राष्ट्रीय हाईवे को जाम कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। समीर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार सभी किसानों को उचित टोकन व्यवस्था करें और धान खरीदी की तारीख 28 फरवरी तक बढ़ाए।

# बिजली, पानी, सड़क के अभाव से कालोनी में बसाहट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने हॉल ही में सुकमा एवं कोंटा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री वर्मा के साथ उपायुक्त जीपी प्रजापति, कार्यपालन अभियंता (विद्युत) केके कश्यप, सहायक अभियंता लालमोहर सिंह, ठेकेदार भी शामिल रहे। सुकमा स्थित अटल विहार योजना स्थल का निरीक्षण किया, जिससे अधूरे विकास कार्य जैसे बिजली, पानी, सड़क के अभाव में पूर्व निर्मित ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भवनों का हस्तांतरण नहीं हो सका। अधिकारियों को शेष विकास कार्यों का प्रस्ताव देने निर्देशित किया गया, जिससे कॉलोनी में बसाहट लाया जा सके। कोंटा का कार्य की गुणवत्ता होने से संबंधित विभाग को भवन को हस्तांतरित कर दी है।

- अपर आयुक्त ने निरीक्षण में विकास कार्य करने दिए निर्देश

### मार्च तक पूरा करें कार्य

गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता एवं ठेकेदार को सुकमा का कार्य मार्च तक पूरा कर हस्तांतरित करने का निर्देश दिए। नए भवनों के निर्माण हेतु योजना प्रस्तुत करने भी कहा गया।

